फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भवानीशंकर जोशी नि. फ्लेट नं. 06, वरद अपार्टमेन्ट, सर्वोदय नगर, टकी रोड, नालासोपारा ईस्ट, वसई, पिनकोड 401209 (महाराष्ट्र) **– अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 27/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 21.05.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द से जरिये क्रमांक :– आरटीआई/2024/45 दिनांक 17.05.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री भवानी शंकर का आरटीआई आवेदन जरिये अपील संख्या 27/2024/515–516 द्वारा उपखण्ड कार्यालय राजसमन्द को प्राप्त हुआ। प्राप्त पत्र का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त प्रकरण इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार का नहीं होकर उपखण्ड कार्यालय आमेट से संबंधित है पूर्व में भी आरटीआई के संदर्भ में कार्यालय हाजा द्वारा लोक सूचना अधिकारी आमेट को जरिये पत्र क्रमांक :– विविध/2023/2579 दिनांक 12.12.2023 द्वारा प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया था। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना का क्षैत्राधिकार उपखण्ड कार्यालय आमेट का होने से अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना उपखण्ड कार्यालय आमेट से प्राप्त करे। अतः उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bullu लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	